# अव्यय

वाक्य में प्रयुक्त होते समय जो शब्द मूल रूप में ही आते हैं और उनका कोई रूप-परिवर्त्तन नहीं होता, उन्हें अव्यय कहते हैं। इसलिए अव्यय को अविकारी शब्द कहते हैं; जैसे – और, के पहले, वहाँ , शाबाश, हाँ, छि: आदि ।

अव्यय चार प्रकार के हैं; जैसे –

(i) **क्रिया विशेषण :** ये क्रिया की विशषता बताते हैं; जैसे – धीरे-धीरे, अचानक, इसलिए, शायद, क्योंकि, आजकल, तुरंत, यहाँ, वहाँ, इस तरफ, आगे, पीछे, लगातार, बारबार, बहुत, काफी, क्रम-क्रम से, चुपचाप, बाहर, जरा-सा, ध्यान-से, बिना हिले-डुले आदि।

(ii) **संबंधबोधक :** ये वाक्य में एक पद (संज्ञा या सर्वनाम) से दूसरे पद का संबंध बताते हैं; जैसे – के बाद, के पश्चात्, के आगे, के पीछे, की तरफ, के निमित्त, के नीचे, के द्वारा, के अधीन, के सिवा, के बिना, की तरह, के साथ, की अपेक्षा, के आसपास, की ओर आदि।

(iii) **समुच्चयबोधक :** ये दो शब्दों या वाक्यों को जोड़ते हैं; जैसे – और, तथा, एवं, या, अथवा, क्या-क्या, न-न, चाहे-या, परन्तु, अपितु, किन्तु, ही नहीं - बल्कि- भी, बल्कि, मगर, फिर भी, इसलिए अतएव, क्योंकि, ताकि, जिससे कि, यद्यपि - तथापि, मानो, हालाँकि, लेकिन, मगर, तो, कि आदि।

(iv) **विस्मयादिबोधक :** ये वक्ता के विस्मय, आनन्द, आदि भावों को व्यक्त करते हैं; जैसे – वाह! शाबाश, हे राम, बाप रे!, उफ्, अरे, हाँ, धिक, छिः-छिः, अरी, राम-राम, धन्यवाद, शुक्रिया, हाय, अजी, आहा, धन्य-धन्य आदि।

# अभ्यास - २ (१)

१. अव्यय का अर्थ क्या है?

२. अव्यय कितने प्रकार के हैं ? वे कौन-कौन से हैं?

३. क्रियाविशेषण किसे कहते हैं ?

४. नीचे के वाक्यों में से क्रियाविशेषण छाँटिए–

(i) मुझे थोड़ी-सी चाय दीजिए।

(ii) दीवार बारिश के कारण एकाएक ढह गयी।

(iii) बेचारा काम की तलाश में दिन भर घूमता रहा।

(iv) असल में वह झूठ नहीं बोली थी।

५. सम्बन्धसूचक अव्यय किसे कहते हैं? सोदाहरण बताइए।

६. समुच्चयबोधक अव्यय किसे कहते हैं ? सोदाहरण बताइए।

७. नीचे दिये गये वाक्यों से समुच्चयबोधक अव्यय छाँटिए

(i) लड़के और लड़कियाँ मैदान में खेल रहे हैं।

(ii) कुछ लोग कमरे के बाहर और कुछ लोग कमरे के भीतर बैठे थे।

(iii) वह तेज दौड़ता है, पर ज्यादा समय तक नहीं दौड़ सकता।

(iv) यदि तू ठीक से पढ़ा होता, तो आज तुझे रोना न पड़ता।

(v) तुम यहाँ से जाओगे कि मैं जाऊँगा?

८. विस्मयादिबोधक अव्ययों का प्रयोग करके पाँच वाक्य बनाइए।

९. निम्नलिखित वाक्यों के रेखांकित अव्ययों के नाम बताइए –

(i) वह <u>चुपचाप</u> आया।

(ii) वे लौटकर <u>बाहर</u> चले गये।

(iii) मैं जरा-सा हिलता था ।

(iv) हाय ! ये मर न जाएँ ।

(v) हम कीडों को ध्यान से देखते थे ।

(vi) वह बाहर चली आयी और बोली ।

(vii) परन्तु तुम तो क्रूर हो ।

(viii) वे किस छप्पर के नीचे बैठे थे ?

(ix) उस के पीछे सेवक खड़ा था ।

(x) मैं बिना हिले-डुले बैठा रहा ।

१०. सही कथन के आगे ✓ चिह्न लगाइए :

उन पद या पदों को अव्यय कहा जाता है –

(१) जिनका रूप वाक्य में प्रयुक्त होते ही बदल जाता है । ☐

(२) जिनका रूप आंशिक बदलता है । ☐

(३) जिनके रूप में कोई परिवर्तन नहीं होता । ☐

(४) जिनके रूप में कभी-कभी परिवर्तन हो जाता है । ☐

११. इन में से जो अव्यय पद हैं, उनको रेखांकित कीजिए –

तुरंत, श्यामनंदन, कि, धीरे-धीरे, अच्छा, धन्यवाद, के नीचे, और, पढ़ाई, लेकिन, पहाड़, शाबाश, लगातार, ताकि, चूँकि, हालाँकि, उफ्, की तरह, के सिवा, बहुत, बड़ा, काफी, छोटा, मंद-मंद, के बाद, आगे, अगुवा, अचानक, धीरता, अवश्य, आदमी, मानवता, वहाँ, आजकल, चोर, वे, किन्तु, अतएव ।

१२. नीचे के वाक्यों में से क्रिया-विशेषणों को छाँटिए –

(i) जरा मेरी तरफ ध्यान दीजिए।

(ii) आज हवा धीरे-धीरे बह रही है।

(iii) बारिश से यह दीवार एकाएक ढह गयी ।

(iv) जेट विमान बहुत तेज उड़ता है।

(v) लोगों ने चोर पर दनादन मुक्के बरसाये।

(vi) फेरीवाला दिन भर घूमता रहता है।

(vii) मतवाला हाथी हौले-हौले चलता है।

१३. कुछ प्रचलित अव्यय नीचे दिये गये हैं । अपनी- पाठ्य-पुस्तक से इनके प्रयोग ढूँढ़िए और कॉपी में लिखिए –

यदि, अब, तभी, तो, तेज़, ज्यादा, ज़रा, तक, बल्कि, मानो, ज्यों-त्यों, चाहे, नहीं तो, या, अथवा, एवं, वरना, ही, भी, भर, न, नहीं, जैसे, हाँ, मत, सिर्फ, के अनुसार, अभी, कब, आज, कल, यहाँ, वहाँ, जहाँ, तहाँ, ऐसे, वैसे, बहुत, कम, थोड़ा, कितना, जितना, कृपया, सर्वथा, अनायास, यत्र-तत्र।

१४. सही क्रिया विशेषण लगाकर वाक्यों को पूरा कीजिए –

(i) बाबूजी दफ्तर के लिए ------ निकले।

(जल्द, साथ, क्योंकि)

(ii) अरबी घोड़े ------- दौड़ते हैं।

(तेज़, भीतर, कुछ)

(iii) वे ------- हों, आज आ जायेंगे।

(विदेशों, जहाँ भी, जब तक)

(iv) लीला को ------ हँसी आ गई।

(लगातार, अचानक, यदाकदा)

(v) उसने ----- कहा।

(रोते-रोते, हँसते-गाते, चलते-फिरते)

(vi) ऐसा ------- चलेगा ?

(कब तक, जब तक, पर्यन्त)

(vii) मनु पहाड़ पर ------- चढ़ता गया।

(इधर, धीरे-धीरे, चारों ओर)

(viii) बेवकूफ लोग ----- हँसते हैं।

(ध्यानपूर्वक, यों ही, शर्म से)

१५. अव्यय के चार प्रकार हैं। निम्न विकल्पों में से उन्हें छाँटकर लिखिए —

क्रिया विशेषण, विधेय विशेषण, समुच्चयबोधक, सम्मानबोधक, आदरार्थक, विस्मयादिबोधक, हेतुहेतुमद्भूत, संबंधबोधक

१६. निम्नलिखित समुच्चयबोधक अव्यय लगाकर अलग अलग वाक्य बनाइए —

और, अथवा, परन्तु, अपितु, इसलिए, ताकि

१७. विस्मयादिवोधक अव्ययों से क्या व्यक्त-होता है ? चार उदाहरण दीजिए।

१८. सही अव्यय पद लगाकर वाक्यों को पूर्ण किजिए —

(i) तुम रोज पढ़ाई करो ---- परीक्षा में पास हो जाओ।

(ताकि, अथवा, अपितु)

(ii) वह अच्छा खेलता है ------ सभी से झगड़ता है।

(एवं, लेकिन, पुनश्च)

(iii) राम, लक्ष्मण ------ सीता वन में गये। (या, और, किंतु)

(iv) दशरथ ने ------- प्राण त्यागे।

(तड़प-तड़प कर, हँस-हँस कर, मर मर कर)

(v) हनुमान ----- पहाड़ी पर चढ़ गये।

(धम से, मानो, इधर-उधर)

(vi) धृतराष्ट्र ठीक से चल नहीं पाते थे ------ वे अंधे थे।

(ताकि, क्योंकि, हालाँकि)

(vii) आज बारिश होगी ------- पौधे लगाना।

(और, चूँकि, तो, कि)

(viii) वह ऐसी बातें करता है ------- वह सबका मालिक हो।

(मानो, ऊपर, अर्थात)

१९. इन वाक्यों में सही अव्यय का प्रयोग कीजिए।

(i) हिरन  दौड़ता है। (तेज, सहसा, धीरे-धीरे)

(ii) शेर शिकार पर झपटता है। (धीरे से, अचानक, क्योंकि)

(iii) हवाई जहाज आसमान में उड़ता है। (फर्राटे से, धीरे से, कदाचित्)

(iv) पेड़ लगाएँ, जीवन बचाएँ। (तब, और, फिर से)

(v) उनको दिलका दौरा पड़ा, अस्पताल गए हैं। (जब, इसलिए, अवश्य)

(vi) यह गाड़ी चार घंटे आयी। (देर से, अधिक, सामने)

■ ■ ■